**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2025-26)**

**विषय : हिंदी (आधार)**

**(विषय कोड - 302)**

**कक्षा - ग्यारहवीं**

| **निर्धारित समय : 3 घंटे** | **अधिकतम अंक : 80** |
|---|---|
| **सामान्य निर्देश :** | |

- **यह प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है।**
- **'खंड-क' में 'अपठित बोध' पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **'खंड-ख' में 'अभिव्यक्ति और माध्यम' से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।**
- **'खंड-ग' में पाठ्यपुस्तक – 'आरोह' तथा 'वितान' से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।**
- **तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**खंड 'क' (अपठित बोध)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (10)**

आज सभी लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं। हर कोई जल्द से जल्द सफल और समृद्ध होना चाहता है, चाहे रास्ता कोई भी हो। ऐसे समय में सबसे बड़ा संकट ईमानदारी पर आया है। कबीर का दोहा है, 'साईं इतना दीजिए जामे कुटुम समाय, मैं भी भूखा न रहूँ साधु भी भूखा न जाए।' इस दोहे का अर्थ केवल रोजी-रोटी की माँग नहीं है। कबीर यहाँ ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि उन्हें इतना ज्ञान, प्रेम, करुणा और सच्चाई मिले कि जीवन सादगी और संतुलन से चल सके। इस दोहे को यदि नैतिक धरातल पर देखा जाए तो यह सच्ची संतुष्टि और सच्चे जीवन-मूल्यों की माँग है, न कि ज्यादा कमाई की। ईमानदारी की राह कठिन है। लालच चारों तरफ से घेरकर खड़ा रहता है। मन ज़रा फिसला नहीं कि फिसलन भरी ढलान मनुष्य को पतन की खाई तक ले जाती है।

कई बार जीवन में ऐसे मौके आते हैं जब हम सोचते हैं- बस इस बार थोड़ा समझौता कर लें, आगे नहीं करेंगे। लेकिन यही सोच धीरे-धीरे आदत बन जाती है। गलत काम करने में मन लगने लगता है, और तब वह 'थोड़ा-सा समझौता' जीवन का हिस्सा बन जाता है। इंसान अपनों को भी ठगने लगता है, अपने हित के लिए किसी भी हद तक जाने लगता है। इस सबका कारण सिर्फ एक होता है-अनुचित ढंग से कमाए धन का लालच और उससे मिलने वाली भौतिक सुख-सुविधाएँ । लेकिन यह सुख सतही होता है। ऐसा धन डर और चिंता के साथ आता है। समाज में बदनामी का डर, जाँच एजेंसियों की चिंता और लगातार झूठ बोलने की मज़बूरी - ये सब जीवन को बोझिल बना देते हैं। इसके विपरीत, ईमानदारी से कमाया गया धन चाहे कम हो, लेकिन उससे मन में संतोष होता है, आत्मविश्वास होता है।

इसीलिए कबीर कहते हैं, 'देखि पराई चुपड़ी मत ललचावे जीव, रुखा सूखा खाइ के ठंडा पानी पीव।' सादा जीवन और संतोष से भरा भोजन तन और मन, दोनों को ताज़गी देता है। वहीं तिकड़म की कमाई से आई थाली में स्वाद नहीं, विष होता है। यह जीवन को दुख और पछतावे से भरता है। सच यह है कि भले ही समाज में कुछ समय के लिए ऐसे लोग ऊँचे

पदों पर और सम्मान हासिल करते दिखें, लेकिन देर-सवेर उनका असली चेहरा सामने आ ही जाता है। लोगों की नज़र में उनका मान घटता है और वे उपेक्षित हो जाते हैं।

साभार - नवभारत टाइम्स 8 मई 2025 (द स्पीकिंग ट्री)

**(i) समझौते की आदत मन को ले जाती है -** **(1)**

(क) समृद्धि की ओर

(ख) सादगी की ओर

(ग) संतोष की ओर

(घ) गर्त की ओर

**(ii) गलत तरीके से अर्जित धन से प्राप्त होने वाला सुख है -** **(1)**

(क) स्थायी

(ख) सतही

(ग) विचित्र

(घ) अलौकिक

**(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -** **(1)**

कथन (I) समाज में बदनामी का भय जीवन को बोझिल बना देता है।

कथन (II) सच्ची संतुष्टि अधिक धन अर्जन से संभव है।

कथन (III) ज्ञान और सच्चाई जीवन में संतुलन लाते हैं।

कथन (IV) भौतिक सुख-सुविधाएँ आत्मिक सुख प्रदान करती हैं।

**गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही हैं -**

(क) केवल कथन (I) और कथन (II) सही हैं।

(ख) केवल कथन (I) और कथन (III) सही हैं।

(ग) केवल कथन (II) और कथन (IV) सही हैं।

(घ) केवल कथन (I), (III) और कथन (IV) सही हैं।

**(iv) कब अनुचित करने में मन रमने लगता है ?** **(1)**

**(v) 'नैतिकता' और 'भौतिकता' का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?** **(2)**

**(vi) 'देख पराई चुपड़ी, मत ललचावे जीव' के माध्यम से यहाँ किस ओर संकेत किया गया है ?** **(2)**

**(vii) 'तिकड़म की कमाई' के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए।** **(2)**

**2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **(8)**

हवा गरम है
और धमाका एक हलकी-सी रगड़ का
इंतज़ार कर रहा है

कठुआए हुए चेहरों की रौनक़
वापस लाने के लिए
उठो और हरियाली पर हमला करो
जड़ों से कहो कि अँधेरे में
बेहिसाब दौड़ने के बजाय
पेड़ों की तरफ़दारी के लिए
ज़मीन से बाहर निकल पड़ें
बिना इस डर के कि जंगल
सूख जाएगा
यह सही है कि नारों को
नई शाख़ नहीं मिलेगी
और न आरा मशीन को नींद की फ़ुरसत
लेकिन यह तुम्हारे हक़ में है
इससे इतना तो होगा ही
कि रुखानी की मामूली-सी गवाही पर
तुम दरवाज़े को अपना दरवाज़ा
और मेज़ को
अपनी मेज़ कह सकोगे।

**(i) कविता में कवि ने प्रतीकात्मक रूप से अभिव्यक्त किया है -** **(1)**

(क) प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदना
(ख) व्यवस्था के प्रति आक्रोश और विद्रोह
(ग) भारत का गौरवशाली इतिहास
(घ) राजनीतिक व्यवस्था के प्रति संयम

**(ii) कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1)**

**कथन (A):** कवि लोगों को पेड़ों की तरफ़दारी के लिए ज़मीन से बाहर निकलने का आह्वान करता है।
**कारण (R):** हरियाली पर हमला किए बिना जंगल को बचाया नहीं जा सकता।
(क) कथन (A) सही और कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) गलत और कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(iii) कॉलम-1 को कॉलम-2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए:** **(1)**

| | **कॉलम-1** | | **कॉलम-2** |
|---|---|---|---|
| I | हवा गरम है | 1 | केवल नारों से बदलाव नहीं आता |
| II | हरियाली पर हमला करो | 2 | खुलकर पहल करना |
| III | जमीन से बाहर निकल पड़े | 3 | माहौल में बेचैनी और असंतुलन है |
| IV | नारे को नई शाख नहीं मिलेगी | 4 | समृद्धि के एकाधिकार को चुनौती देना |

(क) I - 4, II - 1 III - 2 IV - 3
(ख) I - 2, II - 3, III - 1, IV - 4
(ग) I - 3, II - 4 III - 2, IV - 1
(घ) I - 1, II - 1 III - 2 IV - 3

**(iv) कवि ने 'चेहरों की रौनक़' को वापस लाने की बात क्यों कही है?** **(1)**
**(v) कवि ने 'दरवाज़े को अपना दरवाज़ा' कहने की शर्त क्या बताई है?** **(2)**
**(vi) 'आरा मशीन' को नींद की फ़ुरसत क्यों नहीं मिलेगी?** **(2)**

## खंड-ख (अभिव्यक्ति और माध्यम)

**3. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए: (6X1=6)**
(क) तनाव की सर्वोत्तम औषधि: सच्चे मित्र
(ख) प्रतिभा पलायन की समस्या
(ग) भारतीय परिवारों में बुज़ुर्गों की स्थिति

**4. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए:** **(5X1=5)**
प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध होने के बावजूद इनके बढ़ते प्रयोग को कम करने हेतु अपने सुझाव दीजिए और विकल्प बताते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

सरकार द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसी योजनाएँ चलाई जा रही हैं, ऐसी योजनाओं से सकारात्मक परिणाम पाने हेतु सुझाव देते हुए सचिव, पर्यावरण विभाग को पत्र लिखिए।

**5. (i) निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए:** **(2X4=8)**
(क) "संचार अनुभवों की साझेदारी है।" प्रसिद्ध संचार शास्त्री विल्बर श्रैम के इस कथन के पक्ष में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) किसी घटना, विचार या समस्या के समाचार बनने के लिए मुख्यतः किन तत्त्वों/ कारकों की आवश्यकता होती है?

(ग) "डायरी अपने अंदर जाने-अनजाने इकट्ठे होते भार से मुक्ति का माध्यम है।" स्पष्ट कीजिए।

(घ) पटकथा लेखन की संरचना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) शब्दकोश में नवीन शब्दों को स्थान देने का क्या आधार है?

**(ii) निम्नलिखित प्रश्न का लगभग 60 शब्दों में उत्तर लिखिए: (3X1=3)**

(क) टिप्पणी (टिप्पण) से क्या अभिप्राय है? टिप्पणी लेखन संबंधी आवश्यक निर्देशों को संक्षेप में लिखिए।

## खंड-ग ('आरोह भाग-1' और 'वितान भाग-1' पुस्तकों पर आधारित)

**6. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (1X5=5)**

कपट के शोर में
सही होते हुए भी दब जाना-बुरा तो है
किसी जुगनू की लौ में पढ़ना-बुरा तो है
मुट्ठियाँ भींचकर बस वक्त निकाल लेना-बुरा तो है
सबसे खतरनाक नहीं होता
सबसे खतरनाक होता है
मुर्दा शांति से भर जाना
न होना तड़प का सब सहन कर जाना
घर से निकलना काम पर
और काम से लौटकर घर आना
सबसे खतरनाक होता है
हमारे सपनों का मर जाना
सबसे खतरनाक वह घड़ी होती है
आपकी कलाई पर चलती हुई भी जो
आपकी निगाह में रुकी होती है

**(i) 'मुर्दा शांति से भर जाना' - पंक्ति का अर्थ है -**

(क) अत्यधिक संवेदनशील होना

(ख) मानसिक शांति होना

(ग) अन्यायी का विनाश करना

(घ) गतिहीन या जड़ हो जाना

**(ii) कवि के अनुसार कैसा जीवन खतरनाक है?**

(क) पराधीन (ख) निष्क्रिय

(ग) संवेदनशील (घ) पराजित

**(iii) कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| 1 | सपनों का मर जाना | (i) | आवाज़ दबा देना |
| 2 | खतरनाक वह घड़ी | (ii) | निराशावादी होना |
| 3 | कपट के शोर में | (iii) | गतिहीनता का भाव |

(क) 1- (iii), 2- (ii), 3- (i) (ख) 1- (ii), 2- (iii), 3- (i)

(ग) 1- (ii), 2- (i), 3- (iii) (घ) 1- (iii), 2- (i), 3- (ii)

**(iv) इस काव्यांश में कवि ने पाठकों के लिए क्या संदेश दिया है?**

(क) खतरनाक स्थिति से बचकर रहें।

(ख) खतरनाक स्थितियों में भी संयम बनाए रखें।

(ग) क्रूर और अन्यायी का साथ न दें।

(घ) अन्याय के विरुद्ध डट कर खड़े हों।

**(v) 'मुट्ठियाँ भींचकर बस वक्त निकाल लेना' से कवि का क्या तात्पर्य है?**

(क) अनावश्यक क्रोध करना

(ख) बुराई का खुलकर विरोध न करना

(ग) अत्यधिक सहनशील होना

(घ) अन्यायी को प्रोत्साहित करना

**7. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए: (3X2=6)**

(क) राजनीति और समाज में जो कुछ चल रहा है उसे खारिज करना और विकल्प की तलाश करना ग़ज़ल का केंद्रीय सूत्र बन गया है, कवि दुष्यंत कुमार द्वारा रचित 'ग़ज़ल' के आधार पर स्पष्ट कीजिए|

(ख) 'घर की याद' कविता पारिवारिक मूल्यों की कहानी है, सिद्ध कीजिए।

(ग) 'ओ चराचर मत चूक अवसर' इस पंक्ति के माध्यम से कवयित्री अक्कमहादेवी क्या संदेश देना चाहती हैं?

**8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए: (2X2=4)**

(क) मीरा की कविता में प्रेम की गंभीर अभिव्यंजना है। मीरा द्वारा रचित पद के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(ख) 'चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती' नामक कविता पलायन के लोक अनुभवों को मार्मिकता से अभिव्यक्त करती है। सिद्ध कीजिए।

(ग) 'ठंडी होती दिनचर्या में जीवन की गर्माहट मन का हरापन' पंक्ति से कवयित्री निर्मला पुतुल का क्या आशय है?

**9. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (1X5=5)**

मैं उत्तर-पच्छिम में खैबर के दर्रे से लेकर धुर दक्खिन में कन्याकुमारी तक की अपनी यात्रा का हाल बताता और यह कहता कि सभी जगह किसान मुझसे एक-से सवाल करते, क्योंकि उनकी तकलीफें एक-सी थीं-यानी गरीबों, कर्जदारों, पूँजीपतियों के शिकंजे, जमींदार, महाजन, कड़े लगान और सूद, पुलिस के जुल्म, और ये सभी बातें गुँथी हुई थीं, उस ढाँचे के साथ, जिसे एक विदेशी सरकार ने हम पर लाद रखा था और इनसे छुटकारा भी सभी को हासिल करना था। मैंने इस बात की कोशिश की कि लोग सारे हिंदुस्तान के बारे में सोचें और कुछ हद तक इस बड़ी दुनिया के बारे में भी, जिसके हम एक जुज हैं। मैं अपनी बातचीत में चीन, स्पेन, अबीसिनिया, मध्य यूरोप, मिस्त्र और पच्छिमी एशिया में होने वाले कशमकशों का जिक्र भी ले आता। मैं उन्हें सोवियत यूनियन में होने वाली अचरज-भरी तब्दीलियों का हाल भी बताता और कहता कि अमरीका ने कैसी तरक्की की है। यह काम आसान न था, लेकिन जैसा मैंने समझ रखा था, वैसा मुश्किल भी न था। इसकी वजह यह थी कि सारे पुराने महाकाव्यों ने और पुराणों की कथा-कहानियों ने, जिन्हें वे खूब जानते उन्हें इस देश की कल्पना करा दी थी, और हमेशा कुछ लोग ऐसे मिल जाते थे, जिन्होंने हमारे बड़े-बड़े तीर्थों की यात्रा कर रखी थी, जो हिंदुस्तान के चारों कोनों पर हैं। या हमें पुराने सिपाही मिल जाते, जिन्होंने पिछली बड़ी जंग में या और धावों के सिलसिले में विदेशों में नौकरियाँ की थीं। सन् तीस के बाद जो आर्थिक मंदी पैदा हुई थी, उसकी वजह से दूसरे मुल्कों के बारे में मेरे हवाले उनकी समझ में आ जाते थे।

**(i) 'सभी किसानों की एक जैसी समस्याएँ किसकी देन थी?**

(क) ज़मींदारों के द्वारा स्थापित टैक्स के ढाँचे की

(ख) पूँजीपतियों और महाजनों के झूठ-फ़रेब की

(ग) विदेशी सरकार द्वारा स्थापित अन्यायपूर्ण ढाँचे की

(घ) भ्रष्टाचारी नेताओं द्वारा अंग्रेजों की गुलामी की

**(ii) "मैं अपनी बातचीत में चीन, स्पेन, अबीसिनिया, मध्य यूरोप, मिस्त्र और पच्छिमी एशिया में होने वाले कशमकशों का जिक्र भी ले आता।"- अन्य देशों के विषय में भारतवासियों को बताने के पीछे नेहरू जी का क्या उद्देश्य था?**

(क) किसानों के दृष्टिकोण में व्यापकता लाना

(ख) भारतीयों को विदेशों से हीन सिद्ध करना

(ग) अपने ज्ञान एवं जानकारी से परिचित करवाना

(घ) किसानों को अन्य देशों की गुलामी का उदाहरण देना

**(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

I. सन तीस की आर्थिक मंदी के विषय में ग्रामीण जागरूक थे।

II. सभी किसान दक्खिन में कन्याकुमारी तक की यात्रा कर चुके थे।

III. हिंदुस्तान के सभी बड़े-बड़े तीर्थ देश के चारों कोनों पर हैं।

IV. नेहरू जी के लिए गाँव के किसानों को समझा पाना बिलकुल आसान न था।

**गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही है/हैं -**

(क) कथन I और III सही हैं

(ख) कथन II और IV सही हैं
(ग) केवल कथन I सही है
(घ) केवल कथन II सही है

**(iv) प्रस्तुत गद्यांश में नेहरू जी का जलसों में जाने के पीछे मुख्यत: क्या उद्देश्य होता था?**
(क) अंग्रेज़ों के विरोध में देश में क्रांति की ज्वाला फैलाना
(ख) भारतीय संस्कृति और धर्म का विदेशों में प्रचार करना
(ग) हिंदुस्तान के वास्तविक स्वरुप से देशवासियों को परिचित कराना
(घ) भाषण देकर स्वयं को भारत का श्रेष्ठ नेता सिद्ध करना

**(v) कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**
**कथन (A)**: सारे पुराने महाकाव्यों ने और पुराणों की कथा-कहानियों ने, जिन्हें किसान खूब जानते उन्हें इस देश की कल्पना करा दी थी ।
**कारण (R):** किसान अशिक्षित या कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद अपनी संस्कृति और परिवेश से पूर्णतः परिचित थे।
(क) कथन (A) सही और कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) गलत और कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए: (3X2=6)**
(क) "परमात्मा से यही प्रार्थना है कि वह आपको सदैव नदी के किनारे वाला बेमुरौवत, उद्दंड किंतु धर्मनिष्ठ दारोगा बनाए रखे।"- प्रस्तुत कथन धन के ऊपर धर्म की जीत को किस प्रकार सिद्ध करता है?
(ख) फ़िल्म-निर्माण केवल व्यावसायिक हित के लिए नहीं किया जाता बल्कि कई बार साधनहीनता के बीच अपनी कला-दृष्टि को साकार करने का संघर्ष भी है। 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ के आलोक में इस कथन को सिद्ध कीजिए।
(ग) "उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी।"- प्रस्तुत कथन का आशय 'गलता लोहा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (2X2=4)**
(क) "बिछड़न-समय बड़ा करूणोत्पादक होता है।" 'विदाई संभाषण' पाठ के आधार पर कथन की विवेचना कीजिए।
(ख) 'जामुन का पेड़' कहानी में पेड़ के नीचे दबे कवि की स्थिति की प्रतीकात्मकता स्पष्ट कीजिए|
(ग) अखबार यदि किसी इश्यू को उठा ले और लगातार उस पर चोट करता रहे तो फिर वह थोड़े से लोगों की बात नहीं रह जाती। सबकी बन जाती है.... 'रजनी' पाठ में आए इस कथन का क्या तात्पर्य है?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए: (5X2=10)**

(क) शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में अद्‌भुत सामंजस्य स्थापित कर संगीत-जगत पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाली स्वर-साम्राज्ञी लता मंगेशकर के गायन की किन विशेषताओं ने उन्हें विश्व में लोकप्रिय बनाया? लता जी का गायन संगीत के क्षेत्र में आने वाली पीढ़ियों के लिए किस प्रकार प्रेरणा-स्त्रोत है?

(ख) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ पर्यावरण संबंधी किस समस्या को उजागर कर उसका समाधान प्रस्तुत करती है? सीमित संसाधन समाज में अनुशासन स्थापित करने और समाज को जोड़ने का काम भी करते हैं, पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

(ग) 'आलो आँधारि' पाठ में बेबी हालदार के जीवन का संघर्ष उसे पढ़ने-लिखने और एक लेखिका के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करता है। बेबी की संघर्ष से सफलता-प्राप्ति तक की यात्रा में पुरुष-वर्ग की क्या भूमिका रही? बेबी का संघर्ष समाज की अन्य स्त्रियों को किस प्रकार प्रेरित करता है? अपने विचार लिखिए।